विरोध — नगर निगम कार्यालय में घुसकर की गई थी मारपीट, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# मारपीट के विरोध में कर्मचारियों ने किया चकाजाम



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम के एक कर्मचारी से कार्यालय में घुसकर मारपीट के विरोध में शुक्रवार को नगर निगम कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने निगम कार्यालय के सामने मिशन चौक और स्टेशन मार्ग को जाम कर दिया। इस चक्काजाम के कारण शहर की रफ्तार करीब एक घंटे तक थमी रही, जिससे राहगीरों को परेशानी हुई। प्रदर्शनकारी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 12 जून 2026 की रात लगभग साढ़े 8 बजे हुई थी। नगर पालिक निगम कटनी की अपराह्न अभिकरण शाखा से जुड़े ड्यूटी पर तैनात निगम कर्मियों के साथ कुछ लोगों ने गाली-गलौज, अभद्रता और मारपीट की थी। इस घटना के बाद से ही निगम कर्मचारियों में असंतोष था। आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने शुक्रवार दोपहर काम बंद कर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। चक्काजाम के दौरान प्रदर्शनकारियों और आम जनता के बीच कुछ नोकझोंक भी हुई। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें प्रदर्शनकारी निगम कर्मचारी एक एक्टिवा सवार बुजुर्ग व्यक्ति का रास्ता रोकते दिखे। जब बुजुर्ग ने इसका विरोध किया, तो उनके बीच बहस हुई। मिशन चौक पर वाहनों की लंबी कतारें लगने के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल रूट डायवर्ट कर मुड़वारा स्टेशन मार्ग से ट्रैफिक निकाला। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को उचित वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद लगभग एक घंटे बाद जाम खोल दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम पर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। स्थानीय समाजसेवी सौरभ नायक ने इस प्रदर्शन की आलोचना करते हुए कहा कि यह मूल रूप से दो पक्षों या व्यक्तियों के बीच का आपसी विवाद है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि नगर निगम के कुछ कर्मचारी इसे जातिगत रंग देकर विवाद का अखाड़ा बना रहे हैं। पूरे मामले का निराकरण नगर निगम और पुलिस प्रशासन के साथ बैठकर बातचीत के जरिए किया जा सकता है। इस तरह मुख्य सड़क पर उतरकर आम जनता को बंधक बनाना और उन्हें परेशान करना कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। फिलहाल पुलिस ने मामला शांत करा दिया है, लेकिन निगम कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे आगे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे ने मामले की ने बताया कि गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज जो प्रदर्शन हुआ था, उसमें आरोपी की गिरफ्तारी कल ही की जा चुकी है।

पुलिस पूरी गंभीरता से मामले की जांच कर रही है। आपको बतादें कि नगर निगम के कर्मचारियों ने इस मामले को अपनी सुरक्षा से जोड़ दिया है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।



# पुलिस ने कार से जब्त की दो लाख रूपए की शराब

**पुलिस ने की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार**

**नवभारत, कटनी।** कुठला पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कार से देशी शराब जब्त की है। इस मामले में जबलपुर निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त की गई शराब और कार की कीमत लगभग सात लाख रुपए है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस टीम इंद्रानगर पुल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से शाहनगर की ओर से आ रही एक संदिग्ध कार की सूचना मिली। पुलिस को देखकर चालक ने गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे अनी नदी पुल के पास घेर लिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसके भीतर से 40 कार्टून में रखी कुल 2,000 पाव अवैध प्लेन देशी सफेद शराब बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान जबलपुर जिले के गोसलपुर निवासी सौरभ सोमकुवर (32) और रांझी निवासी शिवबहादुर सोनी (28) के रूप में की गई है। पुलिस ने करीब 2 लाख रुपए की 40 पेटी शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही 5 लाख रुपए की बलेनो कार को जब्त कर लिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में कुठला थाना पुलिस के स्टाफ की मुख्य भूमिका रही। कार्रवाई में कुठला थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, सहायक उपनिरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक अजय यादव, रामेश्वर सिंह, ताहिर खान, आरक्षक मनोज राजपूत, विजय राणा सहित अन्य अन्य स्टॉफ की भूमिका रही है। पूरी कार्रवाई एसपी के निर्देशन, एएसपी और सीएसपी के मार्गदर्शन में की गई है।

## एक नजर में



### कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने सिद्धार्थ

**नवभारत, उमरियापान।** कांग्रेस के सक्रिय नेता सिद्धार्थ दीक्षित को एक बार फिर कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ ग्रामीण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। यह नियुक्ति प्रदेश परिवहन प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पांघे की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई है। सिद्धार्थ दीक्षित की नियुक्ति पर ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में परिवहन प्रकोष्ठ संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा नियुक्ति के बाद सिद्धार्थ दीक्षित ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे । उन्होंने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

# पोर्टल में जीवित है 15 वर्ष पहले मृत हुए शिक्षक

**शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड के संकुल केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरियापान अंतर्गत प्राथमिक शाला मंगेली में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है । करीब 15 वर्ष पूर्व दिवंगत हो चुके एक शिक्षक का नाम अचानक एजुकेशन पोर्टल 3.0 में विद्यालय की पदस्थापना सूची में दिखाई देने लगा, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम मंगेली में वर्ष 2011 से संचालित प्राथमिक शाला में वर्तमान में 28 छात्र अध्ययनरत हैं, दो शिक्षक पदस्थ हैं। दिसंबर 2025 में पदस्थ शिक्षक बाला प्रसाद पटेल के चिकित्सकीय अवकाश पर चले जाने के बाद विद्यालय एकल शिक्षकीय हो गया, जिसके कारण शॉर्ट टर्म अतिथि शिक्षक का पद भी स्वीकृत किया गया। इसी बीच अप्रैल 2026 में एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर लगभग 15 वर्ष पूर्व दिवंगत हो चुके शिक्षक महिपाल सिंह ठाकुर का नाम विद्यालय में पदस्थ दर्शाया जाने लगा। इस विसंगति की जानकारी मिलते ही शाला प्रभारी ने पोर्टल पर लिखित आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन आरोप है कि संबंधित अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस त्रुटि का सीधा असर विद्यालय के शिक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी पर पड़ा, जिन्हें पोर्टल में अतिशेष शिक्षक की सूची में शामिल कर दिया गया।

पीड़ित शिक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी ने जिला शिक्षा अधिकारी, कटनी को पत्र लिखकर मांग की है कि दिवंगत शिक्षक महिपाल सिंह ठाकुर का नाम तत्काल विद्यालय की पदस्थापना सूची से हटाया जाए, उनका नाम अतिशेष सूची से विलोपित किया जाए और यह भी जांच कराई जाए कि 15 वर्ष पूर्व मृत शिक्षक का नाम विभागीय पोर्टल में किस प्रकार दर्ज हो गया।

# चोरी का लेटेराइट खपाने के लिए खनिज कारोबारियों का सिंडीकेट सक्रिय

**खनिज विभाग की कार्रवाई से हुआ खुलासा, जांच जारी**



**नवभारत, कटनी।** भंडारण केंद्रों की आड़ में अवैध उत्खनन और चोरी के खनिज को वैध बनाकर खपाने वाले एक अंतर-जिला सिंडिकेट का बड़ा पर्दाफाश मैहर में हुआ है। इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड कटनी का खनिज कारोबारी मनोज कुमार बताया जा रहा है, जिसने कागजी चक्रव्यूह रचकर खनिज विभाग की आंखों में धूल झोंकने का खेल करता था। मैहर में खनिज विभाग द्वारा इस पूरे सिंडिकेट के खिलाफ करीब 3 सप्ताह पहले एक कार्रवाई को अंजाम दिया गया था, विभाग ने वाहनों को पकड़ा था। जिसके बाद से ही खनिज महकमे और माफियाओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है। इस कार्रवाई के दौरान स्टॉक ट्रांसफर के नाम पर मझौली से सतना भेजे गए लेटेराइट से ओवरलोड तीन ट्रकों को रंगे हाथों जब्त किया गया था, जो वर्तमान में बाबूपुर पुलिस चौकी में खड़े हैं। इन ट्रको के लिए ईटीपी खनिज कारोबारी मनोज कुमार के भंडारण से जारी हुए थे। तीन सप्ताह पहले हुई इस छापामार कार्रवाई के बाद खनिज विभाग इसके मोडस ऑपरेंडी की गहराई से जांच कर रहा है। कागजों पर खेल कुछ इस तरह रचा गया था। कटनी के कारोबारी मनोज कुमार की मझौली में मनोज मिनरल्स एंड ग्राइंडिंग कॉर्पोरेशन नाम से फर्म है। यहां से सतना के रघुराजनगर तहसील के बाबूपुर स्थित आरडी मिनरल्स के नाम पर 5 और 6 जून को लेटेराइट की ईटीपी नियमों के मुताबिक, इन गाड़ियों को पहले बाबूपुर के स्टॉक यार्ड में अनलोड होना था और वहां बाकायदा स्टॉक दर्ज होना था। गाड़ियों को स्टॉक यार्ड ले जाने के बजाय रास्ते में ही रोक दिया गया और आरडी मिनरल्स ने उसी दिन सीधे एक नामी सीमेंट फैक्ट्री में माल खपाने के लिए नई ईटीपी जारी कर दी। जांच में बड़ा खुलासा खनिज अधिकारियों को संदेह है कि मनोज जैन के मझौली स्थित स्टॉक से माल सिर्फ कागजों पर चला था। वैध खदान का सिर्फ कागज़ इस्तेमाल हो रहा था और माल पूरी तरह चोरी का था। मामले की जांच की जा रही है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षा पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

**आस्था प्लाजा में खोला गया सेज ग्रुप का कार्यालय**




**नवभारत, कटनी।** मध्य भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सेज ग्रुप ने अब कटनी में भी अपना कार्यालय प्रारंभ कर दिया है। आस्था प्लाजा में आयोजित कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सेज ग्रुप के डायरेक्टर डॉ संजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। डॉ शर्मा ने बताया कि सेज ग्रुप पिछले 45 वर्षों से मध्य भारत में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। भोपाल स्थित इस समूह का नेतृत्व चांसलर इंजीनियर संजीव अग्रवाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेज ग्रुप ने अपने लंबे सफर में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं और वर्तमान में समूह के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लगभग 40 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 50 हजार विद्यार्थी संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सेज ग्रुप अब नई दिशा में आगे बढ़ते हुए आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षा और सेवाओं पर विशेष ध्यान दे रहा है। डॉ शर्मा ने कहा कि संस्था ने देशभर में 70 से 75 कार्यालय स्थापित किए हैं। इसका उद्देश्य शहरों के साथ-साथ गांवों और कस्बों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी मार्गदर्शन और करियर अवसरों की जानकारी पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी बड़े शहरों जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# गांव में चौपाल लगाकर कलेक्टर ने की ग्रामीणों से चर्चा

**बचैया गांव में किया गया आयोजन, एसपी भी रहे मौजूद**



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार रात जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बचैया के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार भी मौजूद रहे। चौपाल में 52 आवेदनों पर सुनवाई कलेक्टर ने की है। कलेक्टर ने जब ग्रामीणों की बातें सुनना शुरू किया , तो ग्रामीणों ने बिना हिचक और झिझक के अपनी समस्याएं बताना शुरू किया। चौपाल का माहौल कुछ ऐसा बना, मानो गांव का कोई अपना ही सबकी बातें सुनने आया हो। कलेक्टर की सहजता और सदाशयता से काफी खुश दिखे और यहां की रात्रिकालीन चौपाल ग्रामीणों और प्रशासन के बीच विश्वास, आत्मीयता और संवेदनशील संवाद का सशक्त उदाहरण बन गई। कलेक्टर की सहजता और आत्मीय संवाद की वजह से किसी ने पेयजल की समस्या बताई, तो किसी ने सड़क, बिजली और अपने जमीन से संबंधित समस्याएं तथा शासकीय योजनाओं से जुड़े मुद्दे साझा किए। कलेक्टर ने हर व्यक्ति की समस्या को पूरे धैर्य और गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में राजस्व से सम्बंधित मामलों में आबादी भूमि का पट्टा, 18 जून गुरुवार को बारिश और तेज गति से आए तूफान से घरेलू पानी की टंकी क्षतिग्रस्त होने और मुआवजा दिलाने, नक्शा में त्रुटि सुधार और खसरे का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज कराने, राजस्व अभिलेख के रिकॉर्ड में सुधार कराने और बीपीएल कार्ड सूची में नाम जोड़ने और वृद्धावस्था पेंशन संबंधी आवेदनो के निराकरण के कलेक्टर ने निर्देश दिए। वहीं पुलिस से सम्बंधित मामलों में डराने धमकाने जैसे मामले आए और रात्रि कालीन चौपाल में बिजली कटने और ट्रांसफार्मर बदलवाने और ख़राब होने सम्बन्धी आवेदन मिले जिन्हे कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम बचैया के सरपंच राहुल कोरी ने आधार सेवा केंद्र खोलने सम्बन्धी आवेदन दिया। कलेक्टर को समस्या बताने यहां आए करीब 65 वर्षीय वृद्ध भरत और 70 वर्षीय बेनी प्रसाद निवासी बचैया का कहना था कि जब अधिकारी गांव में आकर उनकी समस्याएं सुनते हैं, तो समाधान की उम्मीद और भी मजबूत हो जाती है। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों का कहना था कि उन्होंने पहली बार किसी कलेक्टर को इतनी आत्मीयता के साथ अपने बीच बैठकर उनकी बातें सुनते देखा है। यही कारण रहा कि चौपाल सिर्फ शिकायतों का मंच नहीं रही, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच भरोसे के रिश्ते को और मजबूत करने का माध्यम बन गई। कलेक्टर, एसपी और डीएफओ ने बचैया गांव के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना किया।

# जीवन यापन के लिए दी गई जमीन का विक्रय, पट्टा निरस्त करने की मांग

**ग्रामीणों ने की तहसीलदार से शिकायत, कार्रवाई की मांग**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम खमतरा के ग्रामीणों ने एकजुट होकर तहसीलदार को जमीन फर्जीवाड़े को लेकर शिकायत सौंपकर पट्टा निरस्त करने की मांग की है। शिकायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत खमतरा के अंतर्गत मरौठा हार में स्थित शासकीय भूमि रकबा नंबर 828, 829, 831 पूर्व में जीवन यापन के लिए स्थानीय निवासी प्रेमलाल सोनी को आवंटित की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रेमलाल सोनी को सिर्फ 5 एकड़ जमीन का आवंटन किया गया था, लेकिन उनकी मृत्यु के बाद उक्त भूमि उनकी पुत्री उत्तरा सोनी के नाम पर 9 एकड़ दर्ज हो गई। शासन के नियमों के अनुसार इस राहतकारी भूमि को बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद उत्तरा सोनी द्वारा नोटरी के माध्यम से इस जमीन का विक्रय कर दिया गया। जमीन बिकने के बाद अब खरीदार द्वारा आसपास के अन्य भूस्वामी किसानों को परेशान किया जा रहा है और उनका रास्ता और जमीन प्रभावित हो रही है। आवंटित भूमि पर स्वयं खेती करने के बजाय इसे लंबे समय से ठेके पर दूसरों को बोने के लिए दिया जा रहा था, जो कि आवंटन की शर्तों का उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए भूपेंद्र जायसवाल, अशोक जायसवाल, राजकुमार यादव, राजेश कुमार, गोरेलाल सहित अन्य ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार से मांग की है कि नियमों को ताक पर रखकर की गई इस हेराफेरी की जांच की जाए। ग्रामीणों ने अवैध रूप से बेचे गए इस पट्टे को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

## स्वरोजगार मेला 25 को

**नवभारत, कटनी।** जिले के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गुरूवार 25 जून को शासकीय आईटीआई कटनी में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में जिले के युवाओं को एक ही स्थान पर रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप से जुड़े विभिन्न अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। मेले में रोजगार, स्वरोजगार संबंधी जानकारी दी जाएगी।

आयोजन — सेवा दिवस के रूप में मनाया गया कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन, कांग्रेसियों ने किया रक्तदान, बांटे फल

# सड़क से लेकर संसद तक युवाओं की आवाज उठा रहे हैं नेता विपक्ष राहुल गांधी



**नवभारत, कटनी।** देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर एनएसयूआई और महिला कांग्रेस में सेवा दिवस के रूप में मनाया। जहां एक ओर एनएसयूआई ने जिला अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन कराया तो दूसरी ओर महिला कांग्रेस ने वृद्ध आश्रम में फल और स्वल्पाहार बांटा। जिला एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम मिश्रा ने बताया की आज समूचे प्रदेश में एनएसयूआई द्वारा देश के जननायक राहुल गांधी के जन्मदिन पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया है, युवाओं में जमकर उत्साह देखने को मिल रहा है, जिस प्रकार राहुल गांधी देश में युवाओं की आवाज़ सड़क से सदन तक उठा रहें है, चाहे नीट पेपर लीक का मुद्दा हो या बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने की सरकार की झूंठी घोषणा हो, हर मुद्दे पर राहुल गांधी युवाओं की आवाज़ प्रमुखता से उठा रहे है। युवाओं ने काफी संख्या में रक्त दान कर राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर मिठाई बांट कर मनाया है। महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सौम्या रांधेलिया ने बताया की महिला कांग्रेस द्वारा बच्चन नायक वृद्ध आश्रम में बुजुर्ग जनों के बीच फल और स्वल्पाहार वितरित कर केक काटकर सभी ने राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार देश में घरेलू सिलेंडर तेजी से महंगा हो रहा है रोज़मर्रा की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे है राहुल गांधी लगातार हर वर्ग की लड़ाई लड़ रहे है। कार्यक्रम द्वय में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव दिव्यांशु मिश्रा अंशु, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल पांडेय, पूर्व पार्षद राहुल पटेरिया, एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय खटिक, मुंडवारा विधानसभा अध्यक्ष सचिन गर्ग, ब्लॉक अध्यक्ष यश यादव, दिग्विजय सिंह, रवींद्र कुदराहा, मीनाक्षी बलवी, रश्मि अग्रवाल, नीरा सोनी, मनीषा सोलंकी, शशांक कछवाहा, शिवेंद्र सिंह, यदुवेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूटी से दिनदहाड़े 25 हजार रूपए चोरी कर भागा बदमाश

**नवभारत, कटनी।** जिले के बरही थाना क्षेत्र में एक स्कूटी से 25 हजार रुपए अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया । विजयराघवगढ़ रोड स्थित एक दुकान के बाहर हुई चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार बरही निवासी गोविंद प्रजापति गुरुवार को शंकर हार्डवेयर की दुकान पर तार खरीदने गए थे। उन्होंने अपनी स्कूटी दुकान के बाहर खड़ी की थी। स्कूटी के सामने टांगे गए बैग में 25 हजार रुपए रखे थे। इसी दौरान अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने मौका पाकर बड़ी सफाई से बैग से नकदी निकाल ली और फरार हो गए। जब गोविंद बाहर आए, तो उन्हें चोरी का पता चला। गोविंद प्रजापति ने तत्काल बरही थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस को चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिले में इस तरह की यह दूसरी घटना है। दो सप्ताह पहले बड़वारा थाना क्षेत्र के विलायत कला स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने से भी चोरी हुई थी। वहां राधा विश्वकर्मा नामक युवती के एक्टिवा वाहन से बदमाशों ने 2 लाख 50 हजार रुपए चोरी कर लिए थे।

